_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date- Class - V
Subject - Hindi Literature Page-1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक - नवतरंग
पाठ - 6 नव वर्ष की शुभकामनाएँ

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

आज हम कक्षा पाँचवी का हिन्दी साहित्य का पाठ-6 नव वर्ष की शुभकामनाएँ पढ़ेंगे। बच्चो! प्रत्येक वर्ष अपने साथ ढेरों त्योहार लाता है और त्योहार लाते हैं खुशियाँ। कुछ त्योहार तो पूरे देश में मनाए जाते हैं। कुछ त्योहार विभिन्न राज्यों की विशेष पहचान होते हैं। हर त्योहार अलग-अलग ढंग से मनाया जाता है। त्योहार लाते हैं अपने साथ हर्षोल्लास, उत्साह, उमंग और स्वादिष्ट पकवान। बच्चो! आज हम इस पाठ में जनवरी माह के बारे में पढ़ेंगे। इस पाठ में माधवी जनवरी माह को पत्र लिख रही है।

प्रिय जनवरी माह,
नमस्ते।

आशा है, आपने आने की पूरी तैयारी कर ली होगी। त्योहारों का पिटारा रख लिया होगा। मेरी बड़े दिन की छुट्टियाँ चल रही हैं। आप अपने साथ नव वर्ष लेकर आते हैं, उसका आनंद ही अलग है। मैं बहुत उत्सुकता से नव वर्ष के स्वागत की तैयारी कर रही हूँ।

मैंने यह संकल्प लिया है कि नव

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date- Class- V
Subject - Hindi Literature Page-2
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

वर्ष के प्रथम दिवस से ही अच्छे-अच्छे काम करूँगी। माँ कहती हैं, शुरुआत अच्छी होगी तो पूरा साल अच्छा बीतेगा। इसलिए मैंने तय किया है कि अपना हर काम समय से और मन लगाकर करूँगी, साइकिल चलाना सीखूँगी और ढेर सारी किताबें पढ़ूँगी।

आपके पिटारे में तो त्योहारों की भरमार है। 13 जनवरी को 'लोहड़ी' आएगी जो धान की नई फसल तैयार होने की खुशी में मनाई जाती है। मेरी मित्र गुरप्रीत के घर शाम को आग जलाकर उसके आस-पास सब गिद्धा करेंगे और लोहड़ी का गीत गाएँगे -

'सुंदर मुंदरिये, हो!
तेरा कौन विचारा, हो!...'

मक्का के फुल्ले, गजक-रेवड़ी और मूँगफली भी खाएँगे।

अगले दिन मकर संक्रांति होगी, जिसे 'खिचड़ी' भी कहते हैं। रवि-प्रीति के घर नए चावल की खिचड़ी बनेगी। उसमें घी डालकर खाने में बहुत मज़ा आता है। बच्चो! आज हम यहीं तक पाठ पढ़ेंगे। पाठ का अगला भाग आपको अगले सप्ताह भेजा जाएगा।

गृहकार्य :-

बच्चो! आप इस पाठ के शब्द-अर्थ अपनी हिन्दी साहित्य की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद करेंगे।

Scanned with CamScanner